>

Title: Need to streamline the management of Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas in Hardoi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती उषा वर्मा (हरदोई) : मेरे संसदीय क्षेत्र हरदोई (उ0प्र0) में 20 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है जिससे इन विद्यालयों में पढ़ रहे बालिकाओं का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। वे शिक्षण में पिछड़ रही हैं क्योंकि इन विद्यालयों के संचालन में नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बालिकाओं की उपस्थिति कम रहती है, लेकिन 100 बालिकाओं पर व्यय दिखाकर उनके नाम पर संचालकों द्वारा बालिकाओं को मिलने वाली समस्त सुविधाओं को प्रयोग में दिखाया जा रहा है और इन विद्यालयों में जो बालिकाएं अध्ययनरत हैं, उन्हें कम गुणवत्ता वाला भोजन व अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं।

मेरी मांग है कि उपरोक्त कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के संचालन में हो रही अनियमितता को दूर करने हेतु अविलंब मंत्रालय अपने स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए जिससे बालिकाओं के अध्ययन पर कुप्रभाव न पड़े।